## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (30.05.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFAPRUR, DATE:30.05.2025, PAGE-04**

# छात्रों ने अनुशासन तोड़ा तो अभिभावक भी होंगे जिम्मेदार

■ स्नातक में दाखिला लेने वाले छात्रों के अभिभावक से लिया जाएगा शपथ पत्र

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू में अगर छात्रों ने अनुशासन तोड़ा तो उनके अभिभावक भी जिम्मेदार होंगे। इसके लिए विवि प्रशासन स्नातक में दाखिला लेने वाले छात्रों के अभिभावकों से शपथपत्र लेने पर विचार कर रहा है। इस शपथ पत्र में अभिभावक यह लिखकर देंगे कि उनके बच्चे या बच्चियां विवि में अनुशासन को नहीं तोड़ेंगे।

बीआरएबीयू के डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक प्रताप सिंह ने कहा कि अभिभावकों से शपथपत्र लेने के लिए पहले कुलपति से अनुमति ली जायेगी। कॉलेजों से लेकर विवि परिसर तक विद्यार्थी पूरी तरह अनुशासन में रहें, इसके लिए यह पहल की जा रही है। बिहार विवि में इन दिनों स्नातक में दाखिला को लेकर आवेदन लिया जा रहा है। आवेदन के बाद दाखिला की प्रक्रिया होगी। उस समय विद्यार्थियों के अभिभावकों से यह शपश पत्र लेने की तैयारी विवि प्रशासन कर रहा है। विवि के हास्टल में रहने के लिए भी यह नियम लागू होगा। हॉस्टल में भी अगर विद्यार्थी किसी अनुशासन को तोड़ेंगे तो उनके अभिभावकों से संपर्क किया जाएगा।

उधर, बीआरएबीयू में स्नातक में आवेदन के लिए शुक्रवार को अंतिम तारीख है। गुरुवार शाम तक एक लाख 40 हजार विद्यार्थियों ने आवेदन कर दिया था। जल्द मेरिट लिस्ट जारी की जायेगी।

# इक लफ्ज-ए-मोहब्बत के उनवान हजारों...

**मुजफ्फरपुर।** कौमी असातिजह तंजीम की ओर से विवि के उर्दू विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर फारूक अहमद सिद्दीकी के सम्मान में एक मुशायरे का आयोजन किया गया। कौमी असातिजह तंजीम बिहार के प्रदेश संयोजक मो.रफी ने प्रोफेसर सिद्दीकी का परिचय दिया। हमीदी कॉम्प्लेक्स में आयोजित इस मुशायरे में प्रोफेसर सिद्दीकी ने कहा कि उर्दू मुहब्बत की जुबान है। उन्होंने 'इक लफ्ज-ए-मोहब्बत के उनवान हजारों, इस लफ्ज की तफसीर के कुर्बान हजारों' सुनाया तो समा बंध गया।

संचालन कर रहे शायर महफूज अहमद आरिफ, डॉ. मो. सिबगतुल्लाह हमीदी, ताजीम अहमद गौहर, हिब्बानुल हक़ हाजिक, मो. रफी, चांदनी समर उर्फ रिजवाना यासमीन आदि ने अपनी रचनाएं सुनाकर तालियां बटोरीं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:30.05.2025, PAGE-04**

# स्नातक पार्ट-2 की विशेष परीक्षा शुरू

**मुजफ्फरपुर।** बीआरए बिहार विवि में स्नातक पार्ट-2 की विशेष परीक्षा गुरुवार से शुरू हुई। परीक्षा के लिए 11 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान ने एमडीडीएम कॉलेज जाकर परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शांतिपूर्ण परीक्षा कराने का निर्देश दिया। विशेष परीक्षा में सभी विषयों को चार भागों में बांटा गया है। परीक्षा में 14 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। पहली पाली सुबह 9 से 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर एक से शाम चार बजे तक हुई। अभी मुख्य विषय की परीक्षा चल रही है। दो जून से सब्सिडियरी की परीक्षा शुरू होगी।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:30.05.2025, PAGE-04

# विवि के वित्त अधिकारी के लिए मांगा पैनल

मुजफ्फरपुर। राजभवन ने बीआरएबीयू प्रशासन से वित्त अधिकारी के लिए पैनल मांगा है। वित्त अधिकारी का टर्म खत्म हो गया है। हालांकि, नई व्यवस्था तक वित्त अधिकारी को काम करने का निर्देश भी जारी कर दिया गया है। राजभवन की नई अधिसूचना के मुताबिक अब वित्त अधिकारी, वित्त सलाहकार और रजिस्ट्रार की नियुक्ति के लिए पैनल अब कुलपति ही भेजेंगे। पैनल में तीन लोगों के नाम होंगे।

# बिना आधार लिंक के खाते में नहीं जाएगी राशि

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि सहित सभी विश्वविद्यालयों में मिलने वाली कन्या उत्थान की राशि अब बिना आधार लिंक के खाते में नहीं जाएगी। इस बारे में शिक्षा विभाग ने बीआरएबीयू समेत सभी विश्वविद्यालयों को पत्र लिखा है। विभाग ने कहा कि छात्राओं को आधार पंजीकरण के अलावा पैन नंबर, राशन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड में से कोई एक पहचान पत्र भी जमा करना होगा।

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:30.05.2025, PAGE-02**

# स्नातक में नामांकन के लिए जून में जारी की जा सकती मेधा सूची

## आज तक अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन फिर शुरू होगी आगे की प्रक्रिया

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक कोर्स में नामांकन के लिए अपडेटेड साफ्टवेयर से मेधा सूची जारी होगी। सबकुछ ठीक रहा तो 10 जून से पहले सूची जारी की जा सकती है। शुक्रवार तक स्नातक में नामांकन के लिए अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद आवेदनों की जांच कर मेरिट लिस्ट की प्रक्रिया शुरू होगी। आवेदन तिथि विस्तारित होने की संभावना कम है। दूसरी ओर सत्र 2025-29 में होने वाले नामांकन के लिए छात्र-छात्राओं को स्पाट नामांकन का विकल्प नहीं मिलेगा। इसका प्रस्ताव विश्वविद्यालय की ओर से तैयार किया जा रहा है। अपडेटेड साफ्टवेयर से तैयार होने वाली मेरिट लिस्ट से इस सत्र के लिए सभी कालेजों की अधिकतम सीटों के लिए विद्यार्थियों का आवंटन हो जाएगा। इसके बाद अगर छात्र नामांकन नहीं लेते हैं या सीटें बच जाती तो दूसरी मेधा सूची जारी की जाएगी। नामांकन के लिए विश्वविद्यालय की ओर से दो ही मेरिट लिस्ट जारी करने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि छात्र-छात्राओं ने नामांकन के लिए जो विकल्प दिए हैं उसमें उनका नामांकन हो जाएगा। कारण, विद्यार्थियों से कम से कम 10 कालेजों का विकल्प मांगा गया था। शिवहर के लिए सीतामढ़ी के कालेजों का भी विकल्प दिया गया था।

- सत्र 2025-29 में होने वाले नामांकन के लिए स्पाट नामांकन का विकल्प नहीं होगा
- अपडेटेड साफ्टवेयर से अधिकतम सीटों के लिए जारी की जाएगी पहली मेधा सूची

**2** ही मेरिट लिस्ट जारी करने की तैयारी कर रहा है विश्वविद्यालय



# एलएलबी की फीस में होगी एकरूपता तीन वर्ष के लिए देना होगा 1.10 लाख

मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के तहत आने वाले ला कालेजों में अब फीस की एकरूपता लागू की जाएगी। तीन वर्ष के कोर्स फीस के रूप में अब छात्र-छात्राओं को 1.10 लाख रुपये देने होंगे। इससे अधिक फीस कालेज नहीं ले सकेंगे। पहले वर्ष में विद्यार्थियों को 40 हजार जमा करना होगा। इसके बाद दूसरे और तीसरे वर्ष में 35-35 हजार फीस के रूप में देना होगा। यह फीस संरचना विश्वविद्यालय से संबद्ध ला कालेजों पर लागू होगा। विश्वविद्यालय के अंगीभूत कालेज एमएस कालेज मोतिहारी के लिए यह व्यवस्था लागू नहीं होगी। इस कालेज में भी एलएलबी कोर्स का संचालन किया जाता है। पिछले वर्ष एक छात्र ने

**राजभवन में हुई शिकायत पर विश्वविद्यालय की गठित समिति ने की अनुसंशा, पहले वर्ष में 40 तो अगले दो वर्ष 35-35 हजार फीस**

एलएलबी कोर्स में फीस की एकरूपता नहीं होने और निजी कालेजों में छात्र-छात्राओं से अधिक शुल्क लिए जाने की शिकायत राजभवन में की थी। इस आधार पर राजभवन ने विश्वविद्यालय से कारण पूछते हुए फीस की एकरूपता तय करने का निर्देश दिया था। इसके बाद विश्वविद्यालय स्तर से सीसीडीसी डा.मधु सिंह की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने एलएलबी कोर्स के लिए तीन वर्षों में कुल 1.10 लाख रुपये शुल्क का निर्धारण किया है।

# DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
# DATE: 30.05.2025, PAGE-02

## आज से भरा जाएगा स्नातक पार्ट थर्ड का परीक्षा फार्म

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में टीडीसी पार्ट थर्ड की परीक्षा के लिए फार्म भरने की तिथि जारी कर दी गई है। विद्यार्थी शुक्रवार से फार्म भर सकेंगे। छह जून तक फार्म भरा जा सकेगा। वहीं 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ नौ से 13 जून तक स्वीकार किया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने बताया सत्र 2022-25 के लिए फार्म भरने की तिथि जारी की गई है। (जासं)

## टीडीसी पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा 11 केंद्रों पर शुरू

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में गुरुवार को टीडीसी पार्ट टू की स्पेशल परीक्षा की शुरू हो गई। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने एमडीडीएम कालेज केंद्र का निरीक्षण किया। परीक्षा संचालन की व्यवस्था देखी। बताया परीक्षा शांतिपूर्ण रही। दो पालियों में शुरू हुई परीक्षा के लिए 11 केंद्र बनाए गए हैं। (जासं)

## डिग्री के लिए होगा नया पोर्टल

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अब डिग्री के लिए नया पोर्टल बनेगा। इस पर छात्र-छात्राएं डिग्री प्राप्त करने के लिए आवेदन करेंगे। डिग्री के लिए आनलाइन पेमेंट, अंकपत्र व रजिस्ट्रेशन की कापी अपलोड करनी होगी। नए पोर्टल पर आवेदन करने के साथ ही विद्यार्थी को आवेदन संख्या प्राप्त होगी। इसकी मदद से आगे का स्टेटस व ट्रैकिंग की जानकारी भी मिल सकेगी। (जासं)

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

**DAINIK JAGRAH, MUZAFFARPUR**
**DATE:30.05.2025, PAGE-02**

# मूल्यांकन के लिए शिक्षकों की नई सूची बनाएगा विश्वविद्यालय

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन के लिए नए सिरे से शिक्षकों की सूची तैयार होगी। इसको लेकर परीक्षा विभाग के स्तर से प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परीक्षा विभाग अब अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों में कार्यरत शिक्षकों और अतिथि शिक्षकों का रिकार्ड तैयार कर रहा है। इसमें उनका नाम, नियुक्ति की तिथि, सेवानिवृत्ति की तिथि और मोबाइल नंबर दर्ज रहेगा। अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों को अपने शिक्षकों की सूची परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जल्द से जल्द उपलब्ध करानी होगी।

कुलपति प्रो. डीसी राय के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने सभी कालेजों के प्राचार्यों को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया है कि अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों में कार्यरत शिक्षकों का सीनेट और सिंडिकेट से अनुमोदित सूची, नियुक्ति की तिथि, सेवानिवृत्ति की तिथि, मोबाइल नंबर उपलब्ध कराना है। शिक्षकों की सूची तैयार करने के बाद परीक्षा विभाग के स्तर से आने वाले दिनों में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए परीक्षकों की सूची तैयार की जाएगी। इसी आधार पर परीक्षा विभाग परीक्षकों की सूची मूल्यांकन केंद्र निदेशक को उपलब्ध कराएगा। लिस्ट के अनुसार ही उन्हें मूल्यांकन केंद्र पर योगदान कराया जाएगा।

> परीक्षा विभाग ने शुरू की प्रक्रिया, अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों व अतिथि शिक्षकों का तैयार किया जा रहा रिकार्ड

**शिक्षकों की शिकायत होगी कम :** बताते हैं कि इस कदम से शिक्षकों की शिकायत काफी हद तक कम हो जाएगी। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में संबद्ध कालेजों के शिक्षकों के स्तर से लगातार आवेदन देकर मूल्यांकन कार्य से वंचित करने की शिकायत की गई है। शिक्षकों का कहना है कि कालेज की ओर से भेजी गई सूची में उनका नाम अपडेट नहीं किया गया है। इस कारण उन्हें मूल्यांकन कार्य से वंचित होना पड़ा है। स्नातक थर्ड सेमेस्टर की कापियों का मूल्यांकन कार्य शुरू होने के साथ ही ऐसे दर्जनों आवेदन परीक्षा विभाग में दिए गए थे। एक ही कालेज के शिक्षकों के लिए अलग-अलग नियम अपनाने की शिकायत पिछले दिनों की गई है। विश्वविद्यालय के तहत आने वाले एक कालेज में आधा से अधिक शिक्षकों को परीक्षक बनाया गया, लेकिन कई का नाम नहीं जोड़ा गया। वंचित शिक्षकों ने परीक्षा नियंत्रक से शिकायत की थी।

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:30.05.2025, PAGE-04

## कोर्स पूरा होने के दो दिनों में खाली करना होगा हॉस्टल

- कोर्स पूरा होने के बाद दूसरे कोर्स में दाखिला ले लेती हैं छात्राएं

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के छात्रावासों में रहने वाली छात्राओं को कोर्स पूरा होने के दो दिनों के भीतर कमरा खाली करना होगा. इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से निर्देश दिया गया है. कहा गया है कि ग्रीष्मावकाश में छात्रावास की मरम्मत को लेकर छात्राओं को कमरा खाली करना था. कुछ छात्राओं ने परीक्षा के नाम पर रहने की छूट मांगी थी. कुछ छात्राओं ने छात्रावास के कमरों में ताला जड़ा हुआ है. उनके परिजनों से संपर्क कर छात्रावास खाली करने के लिए संपर्क किया जा रहा है. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि कुछ छात्राएं कोर्स पूरा होने के बाद भी वर्षों से छात्रावास में अनाधिकृत तरीके से कमरों में काबिज हैं. इस कारण नव नामांकित छात्राओं को कमरा आवंटित नहीं किया जा रहा है.

### एक कोर्स पूरा होते ही दूसरे में दाखिला

कुछ छात्राएं एक कोर्स पूरा होते ही दूसरे किसी कोर्स में दाखिला ले लेती हैं. डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स के नाम पर भी छात्राएं कमरों में काबिज हैं. इन छात्राओं को चिह्नित कर छात्रावास से बाहर करने की तैयारी चल रही है. इधर, छात्रावास खाली करने की अधिसूचना के बाद से कई लोग विवि के अधिकारियों के पास पैरवी लेकर पहुंच रहे हैं.

## डिग्री के ऑनलाइन आवेदन के लिए बनेगा अलग पोर्टल

मुजफ्फरपुर .बीआरएबीयू से डिग्री ऑनलाइन देने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है . परीक्षा विभाग की ओर से इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है . वीसी के आदेश के बाद इसे प्रभावी किया जायेगा . विवि में अबतक सिर्फ डिग्री के लिए फीस का भुगतान ऑनलाइन किया जाता है . इसके बाद उसकी पावती के साथ अन्य कागजात संलग्न कर ऑफलाइन मोड में जमा करना होता है . बेतिया, बगहा, सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली व जिले के सुदूरवर्ती इलाकों से विद्यार्थी डिग्री के लिए आवेदन करने आते हैं . कई बार जमा की गई पावती गुम होने की स्थिति में दोबारा भी आवेदन करना पड़ता है . आवेदन की वर्तमान स्थिति का भी पता नहीं चल पाता है . ऐसे में नयी व्यवस्था लागू होने से विद्यार्थियों को आवेदन लेकर विवि नहीं आना होगा . परीक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि इसके लिए अलग से पोर्टल विकसित किया जायेगा . राजभवन के पोर्टल पर डिग्री की फीस का भुगतान करने के बाद उसकी पावती, अंकपत्र व रजिस्ट्रेशन की सॉफ्ट कॉपी नये पोर्टल पर अपलोड करनी होगी . आवेदन करने के बाद एक संख्या मिल जायेगी . उसकी मदद से आगे आवेदन की स्थिति का पता लगा सकेंगे .कई बार डिग्री के लिए कागजात जमा कराने आने के दौरान छात्र-छात्राएं बिचौलियों के शिकार हो जाते हैं .

निर्णय. अगले सत्र से फी हो जायेगी प्रभावी

## एलएलबी के लिए संबद्ध कॉलेजों में एक फी होगी

- पहले वर्ष में 40 और अगले दो वर्षों में 35-35 हजार रुपये देना होगा शुल्क
- शीघ्र जारी होगी अधिसूचना, एमएस कॉलेज मोतिहारी का अलग रहेगा शुल्क

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के तहत संचालित सभी संबद्ध लॉ कॉलेजों में एलएलबी के लिए अब एक समान फीस ली जायेगी. विवि की ओर से फीस की एकरुपता को लेकर निर्णय लिया गया है. फीस का निर्धारण कर दिया गया है. तीन वर्षीय एलएलबी कोर्स में प्रथम वर्ष में 40 और इसके बाद अगले दो वर्षों में 35-35 हजार रुपये शुल्क लिया जायेगा. एलएलबी कोर्स के लिए कुल 1.10 लाख रुपये फीस ली जायेगी. विवि ने फी स्ट्रक्चर तैयार किया है. अगले सत्र से इसे प्रभावी बनाने की योजना है.

शीघ्र एक समान फीस की अधिसूचना जारी की जायेगी. एक मात्र अंगीभूत इकाई एमएस कॉलेज मोतिहारी को इस फी स्ट्रक्चर से अलग रखा गया है. सभी कॉलेजों को कहा गया है कि वे विवि की ओर से निर्धारित शुल्क ही लें. इससे अधिक शुल्क लेने की शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी. बता दें कि पूर्व में सुविधा के नाम पर लॉ कॉलेजों में अलग-अलग फीस लिया जा रहा था. ऐसे में विश्वविद्यालय ने कमेटी का गठन कर एक समान फीस को अगले सत्र से प्रभावी करने की योजना बनायी है.

## स्नातक की पहली मेधा सूची जून माह में की जायेगी जारी

### 1.45 लाख आवेदन मिले

- पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की आज अंतिम तिथि, जुलाई में शुरू होगा कक्षाओं का संचालन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों में स्नातक सत्र 2025-29 में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की शुक्रवार को अंतिम तिथि है. गुरुवार तक करीब 1.45 लाख छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है. विवि से अब मेधा सूची जारी करने की तैयारी शुरू हो गयी है. उम्मीद है कि जून के दूसरे सप्ताह में पहली सूची जारी हो जायेगी. तीन बार मेधा सूची जारी होगी. हालांकि, ऑनस्पॉट नामांकन को लेकर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है. जुलाई से कक्षाओं का संचालन शुरू हो जायेगा. बीआरएबीयू में करीब तीन लाख सीटें विभिन्न कॉलेजों में निर्धारित हैं. पिछले सत्र में 1.60 लाख छात्र-छात्राओं ने नामांकन कराया था. इसमें 25 हजार से अधिक नामांकन ऑनस्पॉट के दौरान हुआ था. इस बार पिछले सत्र की तुलना में कम आवेदन प्राप्त हुआ है. अप्रैल से ही ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है. विवि ने बताया गया कि आवेदन के समय विद्यार्थियों की ओर से जो जानकारी दी जा रही है. कॉलेज आवंटन के बाद नामांकन के समय उसका साक्ष्य भी प्रस्तुत करना होगा. साक्ष्य नहीं देने की स्थिति में नामांकन रद्द हो जायेगा. कॉलेजों को कहा गया है कि नामांकन के दौरान कागजातों की जांच कर लें.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE:30.05.2025, PAGE-04**

## आज से भरा जाएगा तृतीय वर्ष का परीक्षा फॉर्म

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू में स्नातक सत्र 2022-25 के तृतीय वर्ष का परीक्षा फॉर्म 30 मई से छह जून तक भरा जायेगा. इसके बाद 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ छात्र-छात्राओं को 9 से 13 जून तक फॉर्म भरने का मौका मिलेगा. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने अधिसूचना जारी की है. परीक्षा शुल्क व विद्यार्थियों का विवरण ससमय प्रवेश पत्र शाखा में जमा करा दें. इसकी जांच के बाद एडमिट कार्ड जारी किया जायेगा.

## शिक्षकों का डेटा तैयार कर रहा है विभाग

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से विभिन्न अंगीभूत व संबद्ध डिग्री कॉलेजों में कार्यरत व अतिथि शिक्षकों का डेटाबेस तैयार किया जा रहा है. शिक्षकों की नियुक्ति की तिथि, सेवानिवृत्ति तिथि, मोबाइल नंबर, नाम समेत अन्य विवरण देने को लेकर परीक्षा नियंत्रक ने सभी कॉलेजों को पत्र भेजा है.

**Ref:.....................** **Date:..........................**



DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE: 30.05.2025, PAGE-06

# विवि में कोर्स पूरा कर चुकी छात्राओं को 2 दिन के अंदर खाली करना होगा हॉस्टल

**सख्ती :** गर्मी छुट्टी में केवल परीक्षा देने वाली छात्राओं को ही रहने की अनुमति

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

कोर्स पूरा होने के बाद भी हॉस्टल में कब्जा करके बैठी छात्राओं को दो दिन में कमरा खाली करना होगा। विश्वविद्यालय की ओर से गर्मी की छुट्टी में सभी छात्राओं को हॉस्टल खाली करने का निर्देश दिया गया है। कुछ छात्राओं ने परीक्षा का हवाला देकर बीते दिनों अधिकारियों से मिलकर हॉस्टल में रहने की अनुमति मांगी थी। इसपर केवल उन छात्राओं को ही छूट दी गई है, जिनकी परीक्षा जून में संभावित है। वहीं, बार-बार निर्देश के बाद भी हॉस्टल खाली नहीं करने वाली छात्राओं के परिजनों से भी संपर्क किया जा रहा है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के गर्ल्स हॉस्टल में अनाधिकृत कब्जे के कारण वर्तमान सत्र की छात्राओं को जगह नहीं मिल पा रही है। कई छात्राएं कोर्स पूरा होने के बाद भी हॉस्टल में रह रही हैं, तो कुछ छात्राएं कमरे में ताला बंद करके महीनों-बरसों से गायब हैं। पिछले साल ही बंद कमरों को चिह्नित कर ताला तोड़वाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। एक बार फिर अनाधिकृत कब्जा हटाने की कवायद चल रही है। कुलपति के आदेश पर डीएसडब्ल्यू प्रो. आलोक कुमार सिंह ने बीते दिनों वार्डेन सहित सभी हॉस्टल अधीक्षक को पत्र भेजकर गर्मी की छुट्टी में हॉस्टल खाली कराने का निर्देश दिया। इसके बाद स्नातक की छात्राओं ने जून में संभावित सेकेंड सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर रहने की अनुमति मांगी। वहीं, कई छात्राओं के लिए बाहरी लोगों के फोन आने लगे हैं। बताया जा रहा है कि इसमें कुछ छात्राएं ऐसी भी हैं, जो सत्र 2022-24 में पीजी पूरा कर चुकी हैं। इसके बाद किसी दूसरे डिप्लोमा या शॉर्ट टर्म कोर्स में नामांकन लेकर या लाइब्रेरी की सदस्य बनकर हॉस्टल में बनी हुई हैं। जबकि, किसी भी छात्र-छात्रा को केवल एक बार ही हॉस्टल आवंटित करने की अनुमति है। विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि हॉस्टल में नियम विरुद्ध रहने वाले विद्यार्थियों को दो दिनों में कमरा खाली कर देना है। इसके लिए अभिभावकों से भी संपर्क किया जा रहा है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE: 30.05.2025, PAGE-06


# 3 साल के एलएलबी कोर्स में लगेगी 1.10 लाख रुपए फीस

## लॉ कॉलेजों की मनमानी, राजभवन पहुंची शिकायत

एजुकेशनरिपोर्टर|मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के संबद्ध कॉलेजों में 3 वर्षीय एलएलबी कोर्स के लिए 3 साल में 1.10 लाख रुपए फीस लगेगी। फर्स्ट ईयर में 40 हजार रुपए फीस तय की गई है। सेकेंड और थर्ड ईयर में 35-35 हजार रुपए देने होंगे। विश्वविद्यालय की ओर से फी स्ट्रक्चर तैयार किया गया है। जल्द ही इसकी अधिसूचना जारी की जाएगी और कॉलेजों को इसके अनुसार फीस लेनी होगी। विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई एमएस कॉलेज मोतिहारी के अलावा सभी संबद्ध कॉलेजों में इसे अनिवार्य रूप से लागू किया जाएगा। विश्वविद्यालय के दर्जनभर से अधिक कॉलेजों में एलएलबी कोर्स का संचालन किया जा रहा है। कॉलेजों में सुविधा और संसाधन के नाम पर अलग-अलग फीस की वसूली की जाती है। बताया जा रहा है कि एक कॉलेज के छात्र ने इसकी शिकायत राजभवन से की थी, जिसपर राजभवन की ओर से फीस की एकरूपता को लेकर निर्देश दिया गया था। लॉ कॉलेजों में एलएलबी कोर्स के लिए फीस निर्धारित करने को लेकर कुलपति ने एक कमेटी गठित की थी। मई के पहले सप्ताह में कमेटी की बैठक सीसीडीसी डॉ. मधु सिंह की अध्यक्षता में हुई थी। इसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के बाद तीन साल के लिए फीस निर्धारित कर दी गई। कमेटी के प्रस्ताव के आधार पर फी स्ट्रक्चर की अधिसूचना विश्वविद्यालय की ओर से जारी की जाएगी। बता दें कि कई कॉलेजों में मनमानी फीस वसूली की शिकायत अक्सर विश्वविद्यालय के अधिकारियों तक पहुंचती है। एक कोर्स के लिए एक समान फीस होनी चाहिए, लेकिन कई कॉलेज अपने स्तर से ही फीस तय कर लेते हैं। उसे जमा कराने के लिए छात्रों पर दबाव भी बनाया जाता है।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK BHASKAR MUZAFFARPUR DATE:30.05.2025 PAGE-06

# अंगीभूत व संबद्ध कॉलेज के शिक्षकों का परीक्षा विभाग तैयार कर रहा रिकॉर्ड

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों का रिकॉर्ड परीक्षा विभाग तैयार कर रहा है। परीक्षा नियंत्रक ने सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र भेजकर शिक्षकों की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं के बाद कॉपियों के मूल्यांकन के लिए शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान हो रहे विवाद को देखते हुए यह तैयारी की जा रही है। परीक्षा विभाग के रिकॉर्ड में शिक्षकों के नाम के साथ ही नियुक्ति की तिथि, सेवानिवृत्ति की तिथि और मोबाइल नंबर दर्ज रहेगा। अंगीभूत से लेकर संबद्ध कॉलेजों को अपने शिक्षकों की सूची परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में जल्द उपलब्ध करानी है। कुलपति प्रो. डीसी राय के निर्देश पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान ने सभी कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र भेज कर कार्यरत शिक्षकों व अतिथि शिक्षकों की सूची मांगी है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:.........................**

**DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR**
**DATE: 30.05.2025, PAGE-06**

## डिग्री के लिए बनेगा अलग से पोर्टल आवेदन ट्रैक करने में होगी सुविधा

मुजफ्फरपुर| बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से डिग्री के लिए पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी। अभी राजभवन के पोर्टल पर डिग्री के लिए ऑनलाइन शुल्क जमा करके संबंधित डॉक्यूमेंट्स की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में जमा करनी होती है। नई व्यवस्था के तहत डिग्री की फीस का भुगतान करने के बाद उसकी पावती, अंकपत्र और रजिस्ट्रेशन की सॉफ्ट कॉपी पोर्टल पर अपलोड करना होगा। इसके बाद अभ्यर्थी को ऑनलाइन आवेदन नंबर मिल जाएगा, जिसकी सहायता से वे आवेदन की स्थिति का पता लगा सकेंगे। परीक्षा विभाग की ओर से डिग्री के डिजिटलाइजेशन का प्रस्ताव तैयार किया गया है। कुलपति के आदेश के बाद इसे प्रभावी किया जाएगा। मुजफ्फरपुर के साथ ही बेतिया, बगहा, सीतामढ़ी, शिवहर, वैशाली से विद्यार्थी डिग्री के लिए शुल्क जमा करके ऑफलाइन आवेदन जमा करने विश्वविद्यालय आते हैं। ऑफलाइन मोड में काम होने के कारण आवेदन ट्रैक करने में मुश्किल होता है। रिसीविंग गायब होने पर दोबारा आवेदन करना पड़ता है। वहीं, दूसरे जिलों से आने वाले छात्र अक्सर बिचौलियों के शिकार भी हो जाते हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR, DATE: 30.05.2025, PAGE-06


**बीआरएबीयू •** आज रात 12 बजे तक खुला रहेगा पोर्टल, अबतक 1.43 लाख छात्रों ने किया आवेदन

# जून के दूसरे सप्ताह में स्नातक की 3 लाख से अधिक सीटों के लिए पहली मेरिट लिस्ट

## जून में नामांकन प्रक्रिया पूरी कर एक जुलाई से कॉलेजों में चलेंगी कक्षाएं

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

**बीआरएबीयू में स्नातक सत्र 2025-29 में** नामांकन के लिए जून के दूसरे सप्ताह में पहली मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। अभी ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। शुक्रवार को रात 12 बजे तक पोर्टल खुला रहेगा। गुरुवार शाम तक 1.43 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जबकि अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों में आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स की 3 लाख से अधिक सीट निर्धारित है। विश्वविद्यालय की ओर से जून में नामांकन प्रक्रिया पूरी कर लेने की योजना है, ताकि 1 जुलाई से नए सत्र की क्लास शुरू की जा सके। स्नातक में नामांकन के लिए विद्यार्थियों को चॉइस के कॉलेज में जगह मिलने की संभावना इस बार बढ़ गई है। बताया जा रहा है कि अपडेट सॉफ्टवेयर से मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। इसको लेकर पहले से ही तैयारी कर ली गई है। आवेदन के दौरान भी अभ्यर्थियों से कम से कम 10 और अधिकतम 20 कॉलेजों का विकल्प मांगा गया है। यानी पूरी संभावना रहेगी कि विकल्प में दिए किसी न किसी कॉलेज की लिस्ट में नाम आ जाएगा। इसके साथ ही एक जिले में ही सभी कॉलेजों का विकल्प



मांगा गया है। शिवहर जिले में केवल एक कॉलेज है, तो वहां के विद्यार्थी सीतामढ़ी के कॉलेज का भी चयन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि 30 मई तक आवेदन के लिए समय दिया गया है। इसके बाद आवेदनों की जांच करके मेरिट लिस्ट तैयार की जा रही है। इस बार यह भी कहा गया है कि मेरिट लिस्ट में जो कॉलेज आवंटित होगा, उसमें नामांकन लेना होगा। विश्वविद्यालय स्तर पर इस बात की भी योजना तैयार की गई है कि सभी सीटें मेरिट लिस्ट से ही भरी जाएं। स्पॉट एडमिशन के लिए कोई अवसर नहीं दिया जाए। इससे नामांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहेगी। मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद कॉलेजों को पोर्टल पर प्रतिदिन डाटा अपलोड करना होगा, जिससे मुख्यालय से निगरानी हो सकेगी।

### वोकेशनल के 14 कोर्स मे 2 हजार आवेदन, 5 जून को प्रवेश परीक्षा

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के विभाग व कॉलेजों में संचालित वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए अबतक करीब दो हजार आवेदन आए हैं। 30 मई तक ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खुला रहेगा। विश्वविद्यालय की ओर से पहली बार वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए सेंट्रलाइज्ड इंट्रेंस टेस्ट कराया जा रहा है। 14 कोर्स में आवेदन के लिए पोर्टल खुला है। सबसे अधिक 918 आवेदन बीसीए कोर्स के लिए आया है, तो सबसे खराब स्थिति बीएससी कोर्स की है। इसमें केवल 3 आवेदन किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से 5 जून को वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं, 15 जून से आवंटित कॉलेजों में नामांकन लिया जाएगा। एक जुलाई से नए सत्र की कक्षाएं शुरू करने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

### स्नातक पार्ट थर्ड का आज से 6 जून तक भराएगा परीक्षा फॉर्म

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2022-25 के पार्ट थर्ड की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी गई है। शुक्रवार से कॉलेजों में परीक्षा फॉर्म भरवाया जाएगा। बिना विलंब शुल्क के साथ 6 जून तक परीक्षा फॉर्म भरने का समय दिया गया है। इसके बाद 200 रुपए विलंब शुल्क के साथ 9 से 13 जून तक फॉर्म स्वीकार किया जाएगा। परीक्षा विभाग की ओर से इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुधाकर पासवान ने बताया कि सत्र 2022-25 के पार्ट थर्ड की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि जारी कर दी गई है। इसकी जानकारी सभी अंगीभूत व संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों को भेज दी गई है। सभी को कहा गया है कि निर्धारित अवधि में परीक्षा फॉर्म भरवाकर फॉर्म के साथ ही परीक्षा शुल्क का विवरण एडमिट कार्ड शाखा में जमा करा दें।